जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/946 दिनांक 15/04/2013

// अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी (होम साइंस) षष्टम् सेमेस्टर (नियमित, एटीकेटी एवं भूतपूर्व) परीक्षा जून 2013** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैंः–

विवरण	परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण			
	तिथि एवं शुल्क विवरण	**बी.एससी./ बी.एससी. (होम साइंस)**	**बी.ए.**	**बी.कॉम.**
परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ जमा करने की अंतिम तिथि	तिथि	22–04–2013	22–04–2013	22–04–2013
	नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 1705/–	रूपये 1165/–	रूपये 1165/–
	भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 2005/–	रूपये 1465/–	रूपये 1465/–
	एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 550/– प्रति पेपर	रूपये 550/– प्रति पेपर	रूपये 550/– प्रति पेपर
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	तिथि	24–04–2013	24–04–2013	24–04–2013
वेबसाइट पर अपडेट (Update) किये हुये परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	तिथि	25–04–2013	25–04–2013	25–04–2013

विशेष नोट :–

1. उपरोक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।
2. परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि छात्र की समस्त जानकारी सही अपडेट करें और विशेष रूप से छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम/नामांकन नंबर/प्रथम से पंचम सेमेस्टर के उत्तीर्णांक पूर्व अंकसूची देखकर सही अपडेट करें और किसी कॉलम को खाली न छोड़ें। ऑनलाइन डाटा देखने में प्रायः देखा जा रहा है कि छात्र का नामांकन नंबर नहीं होने की स्थिति में उस कॉलम में कुछ भी भर दिया जाता है।
3. उपरोक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित छात्र 60/–, एटीकेटी/भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, एवं अग्रेषण शुल्क 50/– प्रति छात्र तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। उपरोक्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है, जिसमें से 110/– रूपये की राशि चालान में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान पूर्व की भांति महाविद्यालय छात्रों से प्राप्त करें।
4. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है तो संबंधित प्रभारी प्राध्यापक/कर्मचारी एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। साथ ही परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मार्कशीट की महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित की हुई प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करें।
5. **समस्त प्राचार्यगण यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन–पत्रों को अपडेट करते समय समस्त मांगी गयी जानकारियां पूर्ण से अपडेट की गयी हैं अथवा नहीं। एवं छात्र का फोटो व हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाये।**
6. **आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, भोपाल के आदेशानुसार स्नातक बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./ बी.एच.एस.सी. षष्टम् सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 26 अप्रैल, 2013 से प्रारंभ होंगी, जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र घोषित किया जा रहा है।**

C.Shinde

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/947 दिनांक : 15/04/2013

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को आवश्यक कार्यवाही कर परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेषित।
2. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)